षोडश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-07 सोमवार, दिनांक- 08 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-08 खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में स्थानान्तरित ।

(ii) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-450 स्थगित ।

(v) 39 तारांकित प्रश्न अनागत ।

प्रश्नकाल के दौरान आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर वेबसाईट पर अपलोड कर दिए जाते हैं, यदि उसको आप लोग पढ़ कर आएंगे तो सदन में पूरक प्रश्न से प्रारंभ होगा ओर सदन का समय भी बचेगा जिससे ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों का निष्पादन हो पाएगा इसलिए सदन प्रारंभ होने के पूर्व तक बेवसाईट के प्रश्नों के उत्तर को देख लेना बेहतर होगा । साथ ही कब्रिस्तान घेराबंदी से संबंधित प्रश्न के उत्तर के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई ।

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया :-

(i) श्री अमीत कुमार

(ii) श्री ललन पासवान

(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(iv) श्री समीर कुमार महासेठ

(v) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव

(vi) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह

(vii) श्री सुबोध राय

(viii) श्री सुदामा प्रसाद

(ix) श्री अवधेश कुमार सिंह

[3] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

माननीय सदस्य, श्री जिवेश कुमार एवं अन्य सात सभासदों द्वारा सहकारिता विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री जिवेश कुमार द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री राणा रणधीर द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

[4] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग के वर्ष 2017-18 का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] **वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-04 (नगर विकास एवं आवास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री उमेश सिंह कुशवाहा

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्रीमती आशा देवी

(iii) श्री अवधेश कुमार सिंह

(iv) श्री सुबोध राय

(v) श्री विजय कुमार खेमका

(vi) श्री प्रहलाद यादव

(vii) श्री रत्नेश सादा

(viii) श्री प्रकाश राय

(ix) श्री समीर कुमार महासेठ

(x) श्री अजीत शर्मा

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xi) श्रीमती गायत्री देवी

(xii) श्री महबूब आलम

(xiii) श्री गुलाब यादव

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, श्री सुरेश कुमार शर्मा द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 30 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-09 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-08.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।